खबर संक्षेप

## रेल्वे संघर्ष समिति का आंदोलन रंग ला रही




**मण्डला।** मण्डला रेल्वे संघर्ष समिति की वर्षों पुरानी जंग या संघर्ष अब रंग ला रही ब्रॉडगेज बनने के बाद संघर्ष रहा उसके बाद ट्रेन संचालन हुई। इसके बाद 2024 - 25 में दुबारा आंदोलन संघर्षमय रहा कई बार आंदोलन ज्ञापन दिए जाने के बाद पेंचवेली मंडला फोर्ट के प्लेटफॉर्म no 02 me आई इससे संघर्ष समिति में खुशी की लहर दौड़ी जल्द है नवम्बर माह में अमृत स्टेशन का उद्घाटन किया जाना है। हो सकता है 18 को ट्रेन का संचालन हरि झंडी दिखाया जाए। यदि रेल्वे प्रशाशन साथ ही। आदरणीय आदिवासी बाहुल्य जिले के नेतृत्व कर्ता सांसद मंत्री विधायक साथ खड़े हो जाए तो ट्रेन का संचालन जल्द चालू हो जाएगा। संघर्ष समिति के सदस्य एक छोटा बढ़िया ज्ञापन तैयार कर 31 को बैठक रखेंगे जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या हो सभी समाजों के पदाधिकारी की सभी के हस्ताक्षर होवे ज्ञापन आवेदन में क्योंकि पेंचवेली जल्द चालू हो जाएगी साथ ही ज्ञापन में जो मांग रहेगी जिसमें मंडला में वाशिंग डिपो मंडला फोर्ट से घंसौर मंडला फोर्ट से जबलपुर मंडला फोर्ट से नागपुर ट्रेन चले नवीन रेलमार्ग बने। जिससे दूरी कम होगी समय भी कम लगेगा।

## सीताराम नवयुवक मंडल ढेंको में निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी



**मण्डला।** जिले के ग्राम ढेंको स्थित सीताराम नवयुवक मंडल के सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन 26 अक्टूबर 2025 रविवार को संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर मनीष पिता माखन लाल सिंगौर, उपाध्यक्ष पद पर रसिक पिता भगवान प्रसाद सिंगौर, कोषाध्यक्ष पद पर गणेश प्रसाद पिता स्व श्री मोती लाल जांघेला,सचिव पद पर आशीष पिता जगदीश सिंगौर, सह सचिव पद पर जितेंद्र पिता जीवन लाल इनवाती, स्टॉकमैन पद पर ऋतिक पिता ओमप्रकाश सिंगौर तथा सह स्टॉक मैन पद पर आशीष पिता सीताराम सिंगौर निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपर्युक्त निर्वाचित पदाधिकारियों को समिति के सदस्यों द्वारा फूल माला पहना कर बधाई दी गई और ग्रामवासियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित किया।

### पुलिस अधीक्षक की मेहनत पर पानी फेर रहे थानेदार

# जागरूकता अभियान का दिखावा क्यों

*** रिपोर्ट दर्ज करने में आखिर थानों को क्यों होती परेशानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




साइबर अपराधों से बचने एवं अपनी मेहनत की कमाई से लोग हाथ न धो पायें इसके लिये शासन-प्रशासन द्वारा लगातार लोगों को सचेत किया जा रहा है। जैसे-जैसे डिजीटल पैमेंट की आदत बढ़ी है इससे लोगों का समय एवं श्रम दोनों बचता है लेकिन इस व्यवस्था का फायदा कुछ जालसाज भी उठाने सक्रिय हैं इनके द्वारा सीधे-साधे लोगों को डरा-धमकाकर या लालच देकर उन्हें लूट लिया जाता है इन ठगबाजों से कैसें बचा जाये उसके लिये विभिन्न मंचों उपयोग करके लोगों को जागरूक किया जा रहा है स्कूलों में, कॉलेजों में, हॉट बाजारों में लोगों को पुलिस द्वारा सचेत किया जा रहा है इसके लिये पुलिस अधीक्षक एवं उनकी टीम लगातार काम कर रही है लेकिन इस मुहिम में पुलिस थानों की टीम जागरूकता काम में तो पूरी तरह सहयोग करती है लेकिन जब इस तरह की कोई घटना घटित हो जाती है या कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार हो जाता है ऐसे में उसको तुरंत पुलिस सहायता मिले इसकी कोई व्यवस्था अभी तक नहीं बन पाई है बल्कि इसके उलट परेशान एवं पीड़ित व्यक्ति को इस थाने से उस थाने तक भटकना पड़ता है थानों में रिपोर्ट न लिखी जाये इसके लिये जिस तरह के बहाने बनाये जाते है उनमें से कुछ तो इतने हास्यास्पद होते हैं कि आपका सिर पीटने का मन हो जाये।

कुछ दिनों पूर्व एक युवा के साथ इसी तरह की एक घटना घटित हुई सुरंगदेवरी निवासी इस युवक के पास किसी ने फोन किया कि तुम मोबाईल में गंदे वीडियों देखते हो और मैं इसे वायरल कर दूंगा इससे तुम्हारी एवं तुम्हारे परिवार की बदनामी होगी यदि इससे बचना चाहते हो तो इस नम्बर पर 19500/- डाल दो बाद में 19000/- रूपये तुम्हारे वापिस आ जायेंगे और तुरंत पैसे नहीं डाले तो तुम्हारी और परिवार की बदनामी होगी। डरा-सहमा युवक उसके मोबाईल एकाउंट में लगभग 17500/- थे जो उसने उस व्यक्ति के द्वारा बताये गये खाते पर मोबाईल के द्वारा ही ट्रांसफर कर दिये। अपनी इस विपदा की चर्चा उसने अपने एक मित्र के साथ की तो उस मित्र ने उसे पुलिस की सहायता लेने को कहा जब इस संबंध की सूचना साइबर क्राइम का जो नम्बर उपलब्ध था उस पर दी गई तो कहा गया कि आप थाने जाकर इसकी शिकायत कीजिये युवक अपने परिजनों के साथ जब सिटी कोतवाली मण्डला पहुंचे तो कहा गया कि तुम महाराजपुर थाने अंतर्गत निवास करते हो लिहाजा तुम्हारी शिकायत महाराजपुर थाने में ही दर्ज होगी जब वह युवक महाराजपुर थाने पहुंचा तो वहां बताया गया कि जब युवक द्वारा राशि ट्रांसफर की गई उस दौरान युवक अपने मोबाईल के साथ पाठासिहोरा में था लिहाजा पाठासिहोरा जिस थाने के अंतर्गत आता है उस थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज करानी होगी। बाद में मीडिया के कहने पर साइबर क्राइम शाखा द्वारा मोबाईल के माध्यम से ही उस युवक की शिकायत दर्ज कर ली गई लेकिन इस तरह थाने-थाने भटकने में लगभग 4 से 6 घंटे यूं ही व्यर्थ हो गये जबकि जागरूकता के दौरान यह समझाईश दी जाती है कि इसकी सूचना तुरंत ही पुलिस को दे दी जाये जिससे ट्रांसफर की गई राशि को रोका जा सकता है ताकि ठगबाज उस राशि का उपयोग न कर सके और बाद में पीड़त को वह राशि वापिस मिल जाये। इस घटनाक्रम में युवक ने तो जल्दबाजी दिखाई लेकिन पुलिस द्वारा उसे जो थाने-थाने भटकाया गया उसमें अनावश्यक समय खराब हुआ अब ऐसी परिस्थिति में पुलिस द्वारा चलाये गये जागरूकता अभियान की क्या औपचारिकता। क्या यह माना जाये कि पुलिस इसलिये जागरूकता अभियान चला रही है ताकि ऐसे घटनाक्रमों से आप स्वयं बचे और हमारे पास शिकायत दर्ज कराने न आयें।

### 'साइबर सुरक्षा हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षण

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जागरूकता अभियान के तहत मंडला पुलिस द्वारा दादी की बगिया स्थित हॉल में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित मासिक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा सहित अन्य पुलिस के प्रभारी अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित लगभग 200 शिक्षकों को साइबर सुरक्षा जागरूकता माह अक्टूबर के अंतर्गत साइबर क्राइम से बचाव के उपाय, हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर फ्रॉड से सुरक्षा, यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित योजना राहवीर योजना, नकदी रहित इलाज, महिला अपराध से संबंधित कानूनी जानकारी, "नशे से दूरी है जरूरी" विषय पर जागरूकता आदि विषयों पर जानकारी दी गई।

अन्य कार्यक्रम में थाना यातायात द्वारा ग्राम माधोपुर मड़ई मेले में पारंपरिक अहीरी नृत्य के माध्यम से यातायात जनजागरूकता एवं दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एवं संचालक शिक्षा विभाग मंडला, थाना यातायात प्रभारी, साइबर प्रभारी, महिला थाना प्रभारी, यातायात सूबेदार एवं अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## द ग्रेट खली का मण्डला आगमन 29 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



29 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे द ग्रेट खली का मंडला आगमन हो रहा है। यहां पर आयोजित युवा शक्ति संगम रक्तदान शिविर कार्यक्रम में श्री खली अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। कार्यक्रम के संयोजक अजय वंशकार ने बताया कि इस आयोजन की सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। कटरा रोड स्थित नर्मदा इन होटल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर द ग्रेट खली का भव्य स्वागत होगा और रक्तदाताओं का सम्मान भी किया जाएगा। यहां पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तवीरों से रक्तदान करने की अपील की गई है। अनुमान है कि लगभग 500 लोग रक्तदान करेंगे। रक्तदाताओं से द ग्रेट खली चर्चा करेंगे और उनका सम्मान भी करेंगे। वहीं मंच में नगर के समाजसेवी, व्यापारी और प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ द ग्रेट खली नजर आयेंगे। युवाओं का कारवां द ग्रेट खली के आगमन पर जबलपुर जायेगा जहां डुमना एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करते हुए उन्हें ससम्मान मंडला लाया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर भारतीय सेवा विकास परिषद लगातार बैठके आयोजित कर रहा है। वहीं आगमन पर अन्य स्थानों पर भी श्री खली का नगरवासी स्वागत करेंगे। मंडला में पहली बार द ग्रेट खली का आगमन हो रहा है। युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्वास्थ्य शरीर बलवान शरीर को लेकर सचेत रहने वाले युवा खली से काफी प्रभावित हैं वहीं कार्यक्रम स्थल में पास धारी व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जावेगा। इस कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, सीआरपीएफ बटालियन के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य नागरिक नजर आयेंगे। कार्यक्रम को पूर्ण रूप से अनुशासन पूर्वक सफल बनाने के प्रयास और व्यवस्थाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर आयोजन संस्थाओं ने नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक व्यापारी मीडिया पत्रकार बंधु समाजसेवी बुद्धिजीवी जिला प्रशासन जनप्रतिनिधियों से सहयोग अपील गई है।

## गिरते पानी में उत्साह से भारी हनुमान नाला मडई



**भुआबिछिया।** गिरते पानी में भरी हनुमान नाला मड़ई में पहुआ दल (अहीर दल) गिरते पानी में भी पूरे जोश और उत्साह के साथ हनुमान नाला मड़ई में पहुंच कर अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया और हनुमान जी का पूजन अर्चन कर मड़ई ब्याही।

## सूर्य उपासना का छट पर्व, अस्त होते सूर्य को दिया अर्घ्य



**मण्डला।** कल मण्डला महिष्मती घाट में छट पर्व के अवसर पर सैकड़ों परिवारों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर पूजन संपन्न की। ज्ञात हो कि तीन दिवसीय इस पर्व के दौरान आज उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही यह व्रत संपन्न होगा यूपी बिहार सहित बंगाल के भी कुछ क्षेत्रों में इस पर्व को बड़ी महत्ता के साथ मनाया जाता है मण्डला में जो इन राज्यों के निवासी रहते हैं उन्होंने छट पर्व को मनाया और परिजनों सहित छट मैया की पूजा की। कल शाम अस्त होते सूर्य को जल में आधे खड़े होकर पूजन सामग्री भगवान भास्कर को अर्पित की जाती है उस दौरान नर्मदा घाट पर गन्ने का मंडप भी बनाया गया वर्तमान में जितने भी तरह के फल उपलब्ध होते हैं उन्हें पूजन में शामिल किया जाता है एक तरह से यह पूजा प्रकृति पूजा कहलाती है जिसमें सात्विकता का बड़ा ध्यान रखा जाता है पवित्रत्रा के साथ पूजन सामग्री को चुनना उसे एकत्रित करना और फिर भगवान अर्पित करना एक बड़ी तपस्या होती है।

## बेमौसम बारिश से किसान हुए चिंतित

*** धान की कटाई हुई प्रभावित, खेत पानी से भरे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

दीपावली के बाद से ही मौसम बदलना शुरू हो गया था, अभी विगत दो तीन दिनों से मौसम बदला दिन भर बाद्दल छाए रहे, शुक्रवार शनिवार को बादल छाए रहे हल्की बूंदा बांदी होती रही, शनिवार को रात्रि में आधी रात के बाद अच्छी बारिश हुई, ओर आज रविवार को दोपहर 12 बजे से लगातार तेज बारिश के साथ बादल गरजे बिजली चमकी ओर झमाझम बारिश हुई जो लगातार जारी है इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है, अभी दीपावली के पूर्व जो पानी गिरा था, उससे खेत सूख भी नहीं पाए थे, त्यौहार होते ही हाथ से धान की कटाई कई जगह चालू हो गई थी और कुछ किसान चालू करने उम्मीद लगाए थे वहीं अधिकांश किसान मशीनों से कटाई करने विचार कर रहे थे, मगर बे मौसम ओर अचानक हुई इस बारिश ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी अब किसान के खेत कब सूखेंगे और कब कटाई करेंगे अक्टूबर माह कटाई के लिए होता है नवंबर में बोनी चालू हो जाती हैं, मगर अब तो पूरे गणित ही फेल हो गए, दीपावली के बाद कटाई होती तो नवंबर माह के अन्त तक गेहूं चना मसूर की खेती चालू हो जाती, अनावयसक बे मौसम बारिश ने अनेक चिंताएं बड़ा दी, वही फसल में बीमारी फैलने के साथ ही खड़ी फसल जमीन पर गिर गई है और पानी गिरने से जमीन गीली तो क्या खबने लगी है, खेत में पानी भर गया गीली जमीन पर मशीनो से कटाई करना मुश्किल होता है कटाई के बाद मंडी में रखा अनाज भी खराब हो सकता है एक किसान ने बताया इस बे मौसम बारिश से लोग परेशान हो गए हैं कुछ लोग कटाई कर रहे थे और कटी धान के ऊपर पानी गिर गया कटाई का काम रूक गया मगर कटी हुई धान कहा रखे, उसे सूखने के लिए तेज धूप की जरुरत है अचानक बदले मौसम में जहां किसान चिंतित हैं वहीं गर्मी ठंडी बार बार बदल रहे मौसम से बीमारी फैलने की संभावना बढ़ गई है।

## भारत रक्षा मंच की हुई बैठक, अखिलेश सोनी बने जिला संयोजक



**मण्डला।** भारत रक्षा मंच महाकौशल प्रांत जिला मण्डला की विशेष बैठक हुई संपन्न बैठक के मुख्य अतिथि रहे राष्ट्रीय संगठन मंत्री मध्यक्षेत्र प्रमुख एचपी तिवारी बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा भारत रक्षा मंच की स्थापना 2010 में हुई जिसका मुख्य उद्देश्य हिंदू हित के लिए काम करना साथ ही जनसंख्या नियंत्रण कानून समान नागरिक संहिता कानून हिन्दू राष्ट्र निर्माण के लिए काम करते आ रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर मंडला जिले में बैठक हुई। राष्ट्रीय मंत्री एच पी तिवारी जी के द्वारा आज मंडला जिले संगठन के विस्तार को लेकर जिला संयोजक के पद पर अखिलेश सोनी जी जिम्मेदारी दी गई जिससे मंडला जिले संगठन का विस्तार हो सके। बैठक में रंजीत कछवाहा, किशोर रजक, विजय अग्रवाल, अशोक सोनी, राजेश छत्री एवं अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## ब्लांक कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



26 अक्टूबर 2025 को छेत्र में अत्यधिक बारिश होने के कारण किसानों की फसलो का बोहोत ज्यादा नुकसान हो चुका है इस नुकसान से किसान चिंतित हैं विधानसभा क्षेत्र बिछिया के ब्लाक घुघरी बिछिया मवई के लगभग ग्राम प्रभावित हुए है जिस पर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुघरी के ब्लॉक अध्यक्ष - अरविंद कुशराम के नेतृत्व में आज मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घुघरी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में फसलों की मुवायना कराकर किसानों को उचित क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिह पट्टा, आदीवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधेशाह मरावी, अरविंद कुमार कुशराम अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुघरी अमर मांडवे दरबारी नरते शालिक करचम फूल सिंह मरावी बलबीर खमरिया देवेन्द्र दीक्षित अरविंद झरिया मोहन यादव पंकज झरिया मेवा धुर्वे राजा पट्टा बाबू दास पड़वार जागेश्वर धार गणेश परस्ते मनोज सोनवानी सरवन धुर्वे अत्तर यूके दिलीप मरावी अनिल धुर्वे शोभित कुशराम दयानंद मरावी मते मरावी केशू धुर्वे उमेश साहू नंदा सिंह उइके सुमर लाल सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

चिंतन वर्ग

### तीन दिवसीय अखिल भारतीय युवा संत चिंतन वर्ग का हुआ शुभारंभ।

# सनातन के लिये संतों का किया आव्हान

*** कुछ समय पूर्व हिन्दू कहना कठिन होता था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






विश्व हिंदू परिषद का तीन दिवसीय अखिल भारतीय युवा संत चिंतन वर्ग का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर पूज्य संत नर्मदा नंद बापू जी महाराज विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार एवं संरक्षक दिनेश चंद मंचासीन रहे सर्वप्रथम भगवान श्रीराम दरबार एवं भारत माता के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित एवं आरती पूजन किया एवं आचार पद्धति एवं मंचीय परिचय उपरांत उद्बोधन हुआ कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मंत्री एवं केंद्रीय धर्माचार्य संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी द्वारा किया गया केंद्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने पूज्य सन्तो का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष एवं विश्व हिन्दू परिषद के 60 वर्षों में यह प्रगति हुई जब लोग यह कहते है की हमे गर्व है कि हम हिन्दू है और देश भक्त हिन्दू जागरूक हिन्दू स्वाभिमानी हिन्दू खड़ा हो रहा है। पहले अपने को हिन्दू कहना कठिन लगता था उसके प्रति आदर नही होता था कुछ लोगों का कहना था कि सभी धर्म एक जैसे है अगर ऐसा होता तो हिंदुओं में भी आतंकवादी पैदा होते। सभी का अपने संचित करम के अनुसार जन्म हुआ है। जब राम मंदिर का आंदोलन हुआ तब कार सेवकों ने अपने खून से राम लिखा था मन्दिर निर्माण के लिए 40 दिन में देश के 65 करोड़ लोगों ने उम्मीद से ज्यादा धन एकत्र किया। हिंदुत्व का गौरव बढ़ा है अब कोई हिंदुत्व की अवहेलना नहीं कर सकता। विश्व हिन्दू परिषद ने 850 गांव चुने है जहा धर्मांतरण की जड़े फैलती जा रही हैं वहां सब मिलकर प्रयत्न करेंगे तो धर्मांतरण रोकने एवं गांव गांव घर वापसी करने वाले लोग मिलेंगे पूज्य संत नर्मदा नंद बापू महाराज ने सन्तो का आव्हान करते हुए कहा कि हमारा सनातन समाज एकत्रित रहे इसके लिए सभी युवा संत एकत्र हुए है देश मे बढ़ रहे ईसाईकरण एवं इस्लामीकरण को रोकना और धर्मान्तरित लोगों को वापस लाना इसका प्रयास सबको मिलकर करना है विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश ने संगठन की स्थापना उद्देश्य एवं आवश्यकता के बारे में बतलाते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद भी हिन्दू समाज मे हमारी बहन बेटियां सुरक्षित नही थी गौमाता सुरक्षित नही थे हमारे मठ मन्दिर साधू संत हमारे मानबिंदु सुरक्षित नहीं थे विदेश में रहने वाले हिन्दू भी सनातनी सभ्यता से विमुख होता जा रहा था। जिसके लिए देश एवं विदेश में देशभक्त समझदार स्वाभिमानी संस्कारवान, सक्रिय एवं संगठित हिन्दू समाज बनाने की आवश्यकता थी। उन्होंने पूज्य संतों का आव्हान करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार आधारित शिक्षा स्थापित करने की भूमिका पूज्य सन्तो को निभाना पड़ेगा एवं समाज मे दायित्व बोध के साथ कर्तव्य बोध जाग्रत करना पड़ेगा क्योकि ईश्वर ने विश्व कल्याण के लिये हमें दायित्व दिया है तभी भारत वैचारिक रूप से मजबूत होकर खड़ा होगा जिस प्रकार शरीर को मजबूत बनाने के लिए रीढ़ का मजबूत होना आवश्यक है उसी प्रकार अगर विश्व का कल्याण करना है तो भारत को मजबूत बनाना होगा भारत तभी मजबूत होगा जब भारत की परंपरा मजबूत होगी। चिंतन वर्ग में देश के सभी 44 प्रान्तों से 300 से अधिक प्रमुख युवा संत केंद्रीय पदाधिकारी एवं प्रान्त धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख शामिल हुए।

# राष्ट्रीय शिल्प महोत्सव के नाम पर लगे मेला
## प्रदर्शनी में खुलेआम विक्रय हो रहा है विदेशी सामग्री




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** निश्चित तौर से जब नगर में कोई प्रदर्शन या फिर मेला लगाया जाता है तो उसमें स्थानीय सक्षम अधिकारियों के साथ साथ पुलिस व नगर पालिका की अनुमति प्राप्त की जाती है। वही दूसरी ओर वह अनुमति उसी शर्त पर प्रदान की जाती है कि जिस नाम से मेले लगाया जा रहा है उसमें उस सामग्री के अलवा अन्य दूसरी सामग्री नही रहेगी तथा मेला व प्रदर्शनी में पहुंचने वाले मासूम बच्चों सहित सभी लोगों के लिये सुरक्षा के प्रबंध करने के आलवा लोगों के लिये साफ सुधरा शौचालय की व्यवस्था भी बनाये जाने सहित अन्य प्रकार की शर्ते शामिल रहती है.... ? मगर इस समय नगर में बल्लभ मार्केट के पास एक कदम आत्मनिर्भर भारत की ओर राष्ट्रीय शिल्प महोत्सव मेला प्रदर्शनी एवं बिक्री के नाम पर लगाई गई प्रदर्शनी के नजारे देखते हुये लोग हैरत में पड़ने से नही चूक रहे है।

शासन प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से अनुमति प्रदान की गई है उसकी सच्चाई मौके पर देखते हुये ऐसा प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है कि शायद अधिकारियों द्वारा अपने चैम्बर में बैठकर मासूमों की जिन्दगी के खुलेआम खिलबाड़ करने का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है..? नगर में राष्ट्रीय शिल्प महोत्सव के नाम पर संचालित हो रही इस प्रदर्शनी में जहां हाथ से बनाई गई सामग्री तो जिस तरह चंद् जगहों पर नजर आने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो शिल्प के नाम की औपचारिकता निभाई जा रही है और शिल्प कला के नाम पर खुलेआम विदेशी माल का विक्रय करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है..? शिल्प का मतलब होता है हाथ से निर्मित की गई सामग्री। मगर यहां पर चाय के कपों से लेकर बच्चों के खेल खिलौने सहित चूड़ी कंगन सहित अन्य प्रकार की सामग्री जहां खुलेआम चायना निर्मित देखने मिल रही है। इतना ही नही यहां पर दुकानदारों द्वारा खुद ही अपने मुंह से यह बात कहते हुये सुना जा रहा है कि यह चायना मॉडल है..। इस सच्चाई के चलते जहां शिल्प महोत्सव के नाम पर सजाई गई यह प्रदर्शनी अपने आप ही सबालों के घेरे में आने से नही चूक रही है..? यहां पर जिस तरह हमारे दुश्मन माने जाने वाली देश चायना में निर्मित होने वाली सामग्री का विक्रय होते हुये दिखाई दे रहा है वह निश्चित तौर से देश के सम्मान सहित आम लोगों के दिलों में ठेंस पहुचाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है...? क्योंकि हमारे देशवासी जहां लगातार चीनी आईटमों का विरोध करते हुये उनकी होली जलाने में पीछे नही है। मगर यहां पर खुलेआम राष्ट्रीय शिल्प महोत्सव के नाम पर विदेशी सामग्री का विक्रय होना चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई अनुमति पर सबाल खड़े करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? इतना ही नही चल रहे प्रदर्शनी मेला में जहां सैकड़ो की संख्या में दुकानदारों से लेकर कर्मचारी आये हुये है तो वही दूसरी ओर प्रतिदिन मेले में नगर के लोग भी सैकड़ो की संख्या में पहुंच रहे है। मगर उनके लिये न तो किसी तरह से शौचालय की व्यवस्था बनाई गई है।




इसका परिणाम इस तरह देखने मिल रहा है कि लोग जरूरत मेहसूस होने पर खुले मैदान का उपयोग करते हुये नगर पालिका के स्वच्छता सर्वेक्षण को ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? वही दूसरी ओर यहां पर गंदगी का आलम देखने मिल रहा है।

# खुलेआम यातायात नियमों के विपरीत पुलिस का सायरन सहित हूटर लगी हुई गाड़ियां क्षेत्र में मचा रही तांडव





**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

परिवहन विभाग द्वारा सड़कों पर संचालित वाहनों में प्रेशर हार्न के उपयोग के संबंध में तमाम नियम बनाये गये है। मगर बावजूद इसके राष्ट्रीय से लेकर राज्य स्तरीय मार्गो सहित शहर की गली कूचो व गांवों में दौड़ने वाले अनेक छोटे से लेकर बड़े वाहनों व बाइकों में जिस प्रकार से प्रेशर हार्नो का बेखौफ उपयोग किया जा रहा है। वह निश्चित ही परिवहन विभाग के निमयों धज्जियाँ उड़ाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है..?




इस समय देखा जावे तो लोगों द्वारा अपने वाहनों में रौब झाड़ते हुये जिस प्रकार से प्रेशर हार्न सहित पुलिस सायरन का उपयोग किया जा रहा है कि मानो इनका उपयोग करना मूल अधिकार बन गया हो..? शहर से लेकर गांव गांव तक इन हूटर व पुलिस सायरन लगे हुये वाहनों की धमाचौकड़ी के चलते आमजन के लिये परेशानी का कारण साबित होने से नही चूक रहा है? शासन द्वारा पुलिस वाहनों से लेकर फायर बिग्रेड तथा मरीजों को ले जाने वाली एम्बुलेंसों के लिये अधिकृत किये गये सायरन तक लोगों द्वारा अपने वाहनों में लगाते हुये उनका दुरूपयोग में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। यदि क्षेत्र में देखा जावे तो प्रभाव शाली लोगों से लेकर आवारा गर्दी करने वालों द्वारा अपने वाहनों में नियमों को दर किनार करते हुये धडल्ले से पुलिस वाहन की भांति अपने वाहनों में साईरन नुमा हूटर उपयोग करना मानो आम बात बन चुकी है। वही दूसरी ओर बाईको तथा चार पहिया वाहनों में जिस तरह कर्कश आवाज निकालने वाले प्रेशर हार्नो का उपयोग हो रहा है उसके कारण शहर की मुख्य सड़को इन वाहनों से निकलने वाली आवाजों के बीच लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। जबकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि सायरन हूटर लगाने का अधिकार सिर्फ चुनिंदा लोगों को ही होता है जिन्हें शासन द्वारा अधिकृत किया जाता है। मगर यहां पर तो जिस वाहन मालिक के मन में आता है वह अपने वाहन में मनमर्जी के मुताबिक हूटर या फिर पुलिस का सायरन लगाते हुये रौब झाड़ने में पीछे दिखाई नही दे रहा है। इस तरह जहां पुलिस वाहन के लिये अधिकृत किये गये इस अधिकार का खुलेआम लोगों द्वारा दुरूपयोग करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इस तरह पुलिस वाहन की तरह वाहनों में सायरन का उपयोग करना घटनाओं का कारण बनने से नही चूक रहा है..? इस बात की सच्चाई कुछ दिनों पहले सालीचौका के समीप उस समय देखने मिली जब कुछ लोग नदी किनारे बैठकर पत्ता खेल रहे थें। इस दौरान एक नये नबले नेताजी की गाड़ी में लगे हुये पुलिस वाहन की भांति सायरन की आवाज सुनकर जब वह युवक भागे तो एक युवक की नदी में डूबने से मौत होने की खबर सुनी जा रही है..? मगर हैरत की बात है कि इस तरह धुडल्ले से हो रही पुलिस के लिये अधिकृत सायरन के दुरूपयोग को लेकर प्रशासन द्वारा जिस तरह चुप्पी साधी जा रही है उसके चलते इस सायरन का उपयोग करने वालों के हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है..। वही दूसरी ओर इन वाहनों के माध्यम से अवैधानिक गतिविधियों को संचालित करने की खबरे भी सुनाई देने से नही चूक पा रही है..? सही मायने में देखा जावे तो कुछ वाहन मालिको द्वारा अपना रौब झाड़ने के लिये पुलिस के लिये अपने वाहनों में लगाने के लिये अधिकृत इस सायरन को मजाक बना डाला है। मगर इस ओर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर यातायात विभाग की उदासीनता का परिणाम है कि इस प्रकार से लोग अपने वाहनों में हूटर लगाने का शौंक पालते हुये मनमर्जी पर उतारू दिखाई देना आम जन के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहा है..? यदि प्रशासन द्वारा सख्ती से वाहनों में इन हार्नो की जांच की जावे तो क्षेत्र में सैकड़ो की सख्या में इस तरह की गाड़िया मिल सकती है जिनमें नियम विरूद्व पुलिस वाहन के लिये अधिकृत सायरन व हूटर लगा हुआ होगा। मगर इस ओर पुलिस की चुप्पी निश्चित तौर से इन वाहन मालिको को बढ़ावा देते हुये प्रतीत होने से नही चूक पा रही है..? गौर किया जावे तो कुछ माह पहले जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में इनके खिलाफ लगातार मुहिम चलाते हुये तेज आवाज बाले साईलेन्सरों के साथ साथ निमय विरूद्व हुटर व सायरन लगे हुये वाहनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गये थें। मगर यह कार्यवाही चार दिन की चांदनी फिर अधियारी रात के समान साबित होने से नही चूक पाई है। इस तरह तेज हार्न वाले वाहनों के दुर्घटना की आशंका सं इंकार नही किया जा सकता है। क्योंकि इस प्रकार से नियम विरूद्व वाहनों में लगे हुए सायरन हूटर तथा प्रेशर हार्नो से सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है जब आगे चल रहे वाहन चालक को पीछे से या सामने से सायरन हूटर प्रेशर हार्न सुनाई देता है। खासतौर से जब उसके बगल से प्रेशर हार्न बजाता वाहन सट कर निकलता है। इस स्थिति में तो अक्सर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। इस तरह तेज आवाज वाने हार्न के चलन को लेकर चिकित्सकों का कहना है कि इनकी कर्कश ध्वनि से ह्दय गति बढ़नें का खतरा बन जाता है जिसके चलते इनके उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाना जरूरी है। क्योंकि कान में आवाज सुनने की एक क्षमता होती है। यदि उक्त क्षमता से तेज गति की आवाज कानों तक पहुंचे तो व्यक्ति बहरा भी हो सकता है। मगर पता नही शासन प्रशासन द्वारा इस ओर क्यों ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्ण रूप से खतरे में नजर आने से नही चूक पा रही है।

# मादक पदार्थो के खिलाफ मुहिम में चीचली पुलिस के हाथ लगा गांजा तस्कर, जप्त किया 95 हजार कीमत का मादक पदार्थ

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के चपेट में आने के चलते जहां युवा पीढ़ी बर्बाद होने से नही बच पा रही है तो दूसरी ओर संपूर्ण प्रदेश में नरसिंहपुर जिले ने एक अलग ही पहचान बना डाली है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के खिलाफ सभी थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने के सख्त आदेश जारी किये जाने के चलते गाडरवारा पुलिस अनुविभाग क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डोगरगांव थाना को छोड़कर गाडरवारा, सांईखेड़ा व चीचली पुलिस थानों में लगातार कार्यवाही होते हुये देखने मिल रही है। इसी के चलते चीचली पुलिस थाना प्रभारी संग्राम सिंह द्वारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में कार्यवाही करते हुये एक युवक के पास से लगभग चार किलोग्राम से भी अधिक मात्रा में मादक पदार्थ गांजा जप्म करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस द्वारा अपनी जानकारी में बताया की बीते हुये दिवस चीचली थाना प्रभारी संग्राम सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक युवक अवैध रूप से गांजा रखे हुये जो विक्रय करने की जुगाड़ में घुम रहा है। इस खबर से थाना प्रभारी द्वारा अपने परिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने से जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी को माल सहित पकड़ने के लिये आदेश जारी किये जाने के चलते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन में तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस तरह मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ने के लिये बनाई गई टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी चीचली उनि संग्राम सिंह, उनि बबीता पहाडे, सउनि



इंद्रपाल सिंह, प्रआर संजय शाह, अमित पटेल, आरक्षक मोहित यादव व इस तरह के आरोपियों को पहचाने में माहिर माने जाने वाले आरक्षक आदर्श पाठक के आलवा सुनील, सोनम, पंकज तथा महिला आरक्षक बंदेश्वरी को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान की घेराबंदी करते हुये एक युवक को संदिग्ध स्थिति में पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम कमलेश पिता कन्छेदी लाल मेहरा उम्र 40 साल निवासी ग्राम ढाना बताया गया। वही जब पुलिस द्वारा आरोपी की तालाशी ली गई तो उसके पास से पुलिस को 4.755 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला जिसकी अनुमानित कीमत 95 हजार रूपया आंकी जा रही है। इस तरह मादक पदार्थ के साथ पकड़े गये आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार करने के उपरांत मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता लगाने के प्रयास किया जा रहा है कि वह इतनी अधिक मात्रा में यह गांजा लेकर कहा से आया था और किसको विक्रय करने की जुगाड़ में था। यदि यह सच्चाई उगलवाने में पुलिस सफल होती है तो निश्चित मादक पदार्थो के बड़े तस्करों तक पहुंचने में सफलता मिलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है...?



# सांगई स्कूल की अनोखी पहल, अपराधों के प्रति जागरूक करने आयोजित किया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ अन्य प्रकार की ज्ञानकारियाँ भी उपलब्ध कराने की जरूरत महसूस की जाने लगी है। क्योंकि जिस प्रकार से अपराधिक घटनाओं में इजाफा होते हुये देखा जा रहा है उन घटनाओं के शिकार मासूम बच्चे भी होने से नही बच पा रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले सांगई स्कूल में बच्चो को अपराधों से जागरूक करने के लिये एक आयोजन किया गया। बताया जाता है कि ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में विभागीय निर्देशों के परिपालन में सायबर अपराध जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर सायबर अपराध जागरूकता पर संदेश दिया। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटेल ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान युग संचार क्रांति जितनी लाभदायक है उतनी ही दुखदाई भी बनने से नही चूक पा रही है। क्योंकि मोबाइल एवं सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट फार्मो पर इन दिनों फर्जी मेसेज, लिंक आ जाने से हम अनजाने में इनको खोलकर देख लेते है जिसके चलते आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा कई बार अनजाने नम्बरों से इस तरह के कॉल मोबाइल पर आते है जो बैंक खाते की जानकारी एवं ओटीपी मांगते है। इस तरह अनजाने लोगों को अपनी ओटीपी देने पर खाते से राशि कट जाती है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अनजाने फोन कॉल, फर्जी लिंक पर किसी तरह से न तो उन्हें अपनी व परिजनों को कोई जानकारी देवे और हो सकते तो उनके मोबाईल फोनों को उठाने से भी बचे। इस दौरान अतिथि शिक्षक चन्द्रभूषण नामदेव ने भी विद्यार्थियो को सायबर अपराध जागरूकता से सबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा मुस्कान कहार ने निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन करते हुए चित्रकाला के माध्यम से अपराधों से संबंधित चित्र बनवाते हुये स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया। वही इस अपराध जागरूकता पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं पुरूस्कृत करने के लिये चिन्हित किया गया।

# चीचली पुलिस ने बेगम गुलाम के चहेतों के खिलाफ घुमाया डंडा, अनेक जुआरी आये पुलिस की पकड़ में

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जुंआ के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा दिये गये आदेश के चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में चीचली थाना प्रभारी संग्राम सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ भ्रमण करते हुये नगर सहित क्षेत्र के गांवों में सूचना मिलने पर जुंआरियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिनों नगर के खिरका मुहल्ला चीचली में एजाज पिता रफीक खान, प्रेमनारायण पिता श्याम लाल कौरव बाघाकुडी, नर्मद्धा प्रसाद पिता रघुवीर विश्वकर्मा खिरका मुहल्ला, राजेन्द्र पिता तीरथ चीचली के पास से ताश व नगदी 520 तथा दूसरे स्थान पर शहीद पिता रसूल खान, सोनू पिता हनीफ खान, चांदअली पिता गुड्डा अली, असलम पिता यासीन खान सभी निवासी चीचली के पास से ताश व नगदी 510 रूपया। इसी प्रकार से ग्राम इमलिया पिपरिया में हरिओम पिता कल्लू चौधरी, भागीरथ पिता बलवान कौरव, गेंदा लाल पिता गज्जू यादव, ब्रजेश पिता हीरालाल प्रजापति, राम कुमार उर्फ मंजू पिता कोमल कौरव को को जुंआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास से नगदी 625 रूपया, ग्राम कोठिया में डब्बू पिता प्रकाश चंद पिपरोनिया, मुकेश पिता डालचंद कौरव सूखाखैरी, अतुल पिता रामजी कौरव कोठिया, ब्रजेश पिता मुकेश पाठक के पास से नगदी 1790 रूपया व एक अन्य दूसरे स्थान पर शहीद पिता रसूल खान चीचली, सुखराम पिता गंगाराम कोठिया, मंजू पिता रमेश ठाकुर मऊ, अभिषेख पिता शिवराज कौरव के पास से नगदी 1120 रूपया तथा इंद्रा कालोनी चीचली में अखिलेश पिता सुखराम यादव, नीलेश पिता राजू मेहरा, कैलाश पिता राम चरण मेहरा के पास से ताश पत्ते व नगदी 350 तथा ग्राम आंडेगांव जियो टावर के पास से गोविंद पिता शिव कुमार कौरव, गोलू पिता रामफल चौधरी, नन्हे लाल पिता



मलखान चौधरी, गोविंद पिता सुखराम चौधरी आंडेगांव के पास से 540 एवं ग्राम दुरूसरी में राजेश पिता लाल साहब, नवीन पिता प्रेम नारायण मेहरा, नरेश पिता रमेश ठाकुर, शिव कुमार पिता नर्मद्धा ठाकुर के पास से ताश सहित नगदी 1440 रूपया एक अन्य दूसरे स्थान पर मुकेश पिता सीताराम ठाकुर, राहूत पिता सतीश श्रीवास्तव, राघवेन्द्र पिता जीवन लाल कौरव, सूरज पिता संतोष पटैल, प्रदीप पिता बिट्टू कौरव तीनों पिपरिया के पास से ताश पत्ता सहित नगदी 1680 रूपया, ग्राम माल्हनवाडा में वीरेन्द्र पिता केवलराम कौरव, विनोद पिता गोविद कौरव, कोशल पिता शिव प्रसाद कौरव पुआरिया, बांसुरी पिता कैलाश कतिया माल्हनवाडा के पास से ताश व नगदी 1250 रूपया ग्राम गांगाई में सुग्रीम पिता मुन्ना लाल अहिरवार, नारायण पिता नरोत्तम, रूपराम पिता विजय, सोहन पिता डब्बल, मुन्नालाल पिता हर प्रसाद अहिरवार के पास से नगदी 1060 रूपया तथा ग्राम बारहाबड़ा में मनीष पिता प्रमोद अहिरवार, नितिन पिता कंछेदीलाल नौरिया, आकाश पिता कोमल बंशकार, रघुवीर पिता श्रीराम अहिरवार भोपाल, प्रेमनारायण पिता रामनाथ कौरव पिपरिया के पास से ताश पत्ता व नगदी 1970 रूपया, ग्राम देवरी में विष्णु पिता गोवद ठाकुर, रमेश पिता जसवंत ठाकुर, दिलीप पिता काशीराम लोधी भिम्मखेडी, योगेश पिता कमलेश अहिरवार व अभिषेख पिता कैलाश ओझा बाहरबाडा के पास से ताश पत्ता व नगदी 2860 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये कार्यवाही की गई।

# कलचुरी समाज द्वारा आज मनाई जावेगी भगवान श्री सहस्त्रबाहु जयंती

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय कलचुरी कलार समाज द्वारा अपने ईष्टदेव भगवान श्री सहस्त्रवाहू की जयंती बड़े ही धूमधाम से बनाये जाने की तैयारियाँ की जा रही है। बताया जाता है कि नगर के कलचुरी कलार समाज के आराध्य भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जयंती कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है। इसी के चलते आज नगर में बडे ही धूमधाम से मनाते हुये अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जावेगे। इस संबंध में समाज के अध्यक्ष मनीष जायसवाल द्वारा अपनी जानकारी में बताया है कि आज 28 अक्टूबर को भगवान श्री की जन्मोत्सव स्थानीय स्तर पर बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसमें प्रातः भगवान सहस्त्रबाहु जी की पूजन विभिन्न स्थानों पर होगी। मुख्य रूप से सुबह 9.30 रेल्वे स्टेशन तथा 10.00 नगर के हृदय स्थल झंडा चौक के आलवा 10.30 भगवान सहस्त्रबाहु चौक बोदरी नाका के आलवा 11 बजे से शासकीय सिविल अस्पताल में व्हील चेयर एवं औषधि भेंट का कार्यक्रम रहेगा। इसके बाद समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान एवं मिलन समारोह शाम 6 बजे स्थानीय सुखदेव भवन में आयोजित किया जावेगा जिसमें समाज के वरिष्ठजनों सहित पदाधिकारियों की मौजूद रहेगी।



# बगैर परमिट दौड़ रहे अनेक कंपनियों में किराये से लगे हुये चार पाहिया वाहन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

आबादी के बढ़ते दबाव के बीच जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है, जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी धडल्ले से चल रहे है जिसको लेकर देखा जाता है कि प्रशासन द्वास वाहन चैकिंग के नाम पर कभी कभार कागजी खानापूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़नें वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराये से लागने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है, मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरासर परिवहन नियमों की अवहेलना हो रही है वही एक तरफ जहां नियमों के परखच्चे उड़ रहे है, वही दूसरी तरफ टैक्स के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व मे भी कमी आ रही है, देखने मे आ रहा है कि अधिकांश जीप,मार्शल, बुलेरो, स्कारपियो या उसे जैसे वाहन निजी कंपनियों में किराय पर सवारी ढोने के काम मे लगे हुए है, इस प्रकार वाहन मालिक टैक्स की राशि बचाकर अपने वाहनों को सवारियों के परिवहन मे लगा देते है और परिवहन विभाग कभी इसी जांच के लिए व्यापक अभियान नही छेड़ता, परिणाम स्वरूप ऐसे वाहन धडल्ले से चल रहे और इनकी संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है, जब कोई दुर्घटना होती है तब अधिकारियों से लेकर आम पब्लिक हाथ मलते रह जाती है, नगर में स्थित व क्षेत्र में स्थित अनेक कंपनियों में इसी प्रकार अधिकांश शासकीय विभागों मे निजी वाहनों को किराए पर लगाया गया है, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी सरकारी दप्तर से आवश्यकता होने पर जो वाहन किराए पर लगाए जाएं उनका रजिस्ट्रेशन परिवहन विभाग मे टैक्सी वाहन के रूप मे होना अनिवार्य है, परिवहन विभाग के पास इन वाहनों पर कार्यवाही किये जाने की जानकारी नही मिली,शासन के आदेश की विभागीय अधिकारी विभाग भी इस दिशा मे उदासीनता प्रदार्शित करते हुये जान पड़ रहे है?

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर (म. प्र.)
अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551 फोन नं. 07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक- 0020 अ-20 (4)
वर्ष :- 2025-26 के तहत जारी

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार आ. स्व. रमणीक शंकर भट्ट, निवासी - गाडरवारा के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल नगर गाडरवारा स्थित स्थाई पट्टे की भूमि शीट क्रमांक 6 प्लाट क्रमांक 66 क्षेत्रफल 2179 वर्गफुट रमणीक शंकर आ. श्रीनाथ, ध्रुवशंकर, राजेश शंकर उर्फ राजेश कुमार पिस. विजयशंकर, श्रीमती कृष्णाबाई बेवा विजयशंकर भट्ट के नाम से नजूल अभिलेखों में दर्ज है। दर्ज सहखातेदारों में से रमणीक शंकर का दिनांक 04.01.2006 को, इनकी पत्नी श्रीमती शकुन का दिनांक 06.08.2015 को, राजेश शंकर उर्फ राजेश कुमार का लाऔलाद दिनांक 27.05.2001 को निधन हो चुका है, उक्त मृतको के वैध वारिसों में मनोज कुमार, मृदुला, रश्मि, नेहा पिस. स्व. रमणीक शंकर भट्ट है अतः उपरोक्त भूमि के नजूल अभिलेखों में से मृतको के नाम विलोपित किये जाकर नियमानुसार उपरोक्त वारिसो के नाम दर्ज किये जावें, शेष नाम यथावत दर्ज रखे जावें। अपने आवेदन पत्र के साथ 100 रुपए का आवेदन शुल्क का चालान, मृत्यु प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, वंशावली एवं नजूल खसरा की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत की गई है। उक्त आवेदन के आधार पर मेरे न्यायालय में प्रकरण संस्थित किया जाकर विचारण में लिया गया है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 17.11.2025 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा / आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाले दावें आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 24.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनांक- 24.10.2025
सुनवाई दिनांक -17.11.2025

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा

शील
















## खबर संक्षेप

### अमरपुर जनपद में परियोजना अधिकारी ने दी सख्त हिदायतें



डिंडौरी। जनपद पंचायत अमरपुर में एक बगिया माँ के नाम अभियान को गति देने के उद्देश्य से जनपद पंचायत सभा हाल में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत अमरपुर के परियोजना अधिकारी (पी.ओ.) ने की। बैठक में परियोजना अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि तत्काल स्वीकृत कार्यों की पूर्ति की जाए, जिओ टैगिंग कार्य पूर्ण कर सभी योजनाओं में मास्टर रोल जारी किए जाएं, साथ ही गड्ढों की खुदाई और पौधारोपण का कार्य तुरंत प्रारंभ कराया जाए। परियोजना अधिकारी ने कहा कि एक बगिया माँ के नाम अभियान सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक जनआंदोलन है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों से इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया, ताकि डिंडौरी जिला हरियाली और स्वच्छता का उदाहरण बन सके।

### एक बगिया माँ के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत भाखा में पौधारोपण



डिंडौरी। जनपद पंचायत अमरपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भाखा में एक बगिया माँ के नाम अभियान के तहत हितग्राहियों द्वारा अपनी निजी जमीन पर पौधारोपण किया जा रहा है। जिला पंचायत से मनरेगा के प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रदीप शुक्ला ने ग्राम पंचायत भाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान जनपद पंचायत के एपीओ संजय उइके ने पूरे पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कराया। निरीक्षण के दौरान रोजगार सहायक हेमंत ठाकुर ने हितग्राहियों से पीओ प्रदीप शुक्ला का संवाद कराया। हितग्राहियों ने बताया कि यह योजना न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम है, बल्कि ग्रामीणों में हरियाली के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है। निरीक्षण दल ने पौधारोपण के कार्यों की सराहना करते हुए हितग्राहियों को नियमित रूप से पौधों की देखरेख करने के निर्देश दिए।

### जिला पंचायत सीईओ नोडल अधिकारी नियुक्त



डिंडौरी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दिव्यांशु चौधरी सीईओ जिला पंचायत को जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित योजना धरती आबा तथा आदि कर्मयोगी योजना को बेहतर संचालन की दृष्टि से बनाया गया। इसी प्रकार मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 01 नवंबर 2025 को आयोजित होने जा रहा है जिसे सफल आयोजन के उद्देश्य से दिव्यांशु चौधरी सीईओ जिला पंचायत डिंडौरी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासन के निर्देशानुसार म.प्र. के प्रत्येक जिले में विकास कार्यों की गतिविधियों की संचालन की दृष्टि से 01 नवंबर से 03 नवंबर 2025 तक सम्पूर्ण कार्यक्रम के आयोजन एवं सफल क्रियान्वयन किया जाएगा।

### सरपंच द्वारा शासन से आईटीआई की मांग



अमरपुर। जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कमको मोहनियां के सरपंच फूल सिंह मरकाम जोकि सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष भी हैं। जिन्होंने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा हैं। जिसमें उल्लेख किया गया हैं कि ग्राम कमकोमोहनियां में औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग करते हुए यह भी लेख किया हैं कि आसपास 13 हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल संचालित हैं। यह क्षेत्र पूर्णतः आदिवासी बाहुल्य हैं। जिन स्कूलों में लगभग 5 हजार अध्यनरत छात्रों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। जिन्हें व्यवासायिक अध्यन हेतु दूर नहीं जाना पड़ेगा। जिसके लिए गांव में शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 274 रकवा 14 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध हैं। जिस संबंध में कार्यालय कलेक्टर डिंडौरी जिला डिंडौरी द्वारा सचिव मध्य प्रदेश तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्रालय भोपाल को पत्र क्रमांक/ एस.सी. /2024/466 के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही करने हेतु शासन को भेजा जा चुका हैं।

# समय-सीमा की बैठक में योजनाओं की प्रगति, समय-सीमा प्रकरण और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के साथ विकास कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा

**कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में योजनाओं की प्रगति, समय-सीमा प्रकरण और विकास कार्यों के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभाग एवं जनपदवार विस्तृत समीक्षा की।**

डिंडौरी।

उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम शहपुरा एश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की प्रगति कम पाई गई, उन्हें चेतावनी देते हुए सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। 100 से 500 दिवस एवं अधिक दिवस से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए 2 दिवस का समय पीडब्ल्यूडी, जनजातीय



कार्य विभाग, पीएचई, स्वास्थ्य विभाग कृषि, राजस्व, खाद्य विभाग, बैंकर्स, श्रम विभाग, शिक्षा को सख्त निर्देश दिए हैं कि 2 दिवस के अन्दर सीएम हेल्पलाइन निराकरण किया जाए तीसरे दिन आपकी सीएम हेल्पलाइन की पुनः समीक्षा की जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देश दिए हैं कि पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन की दृष्टि से आवश्यकता के अनुसार ग्राम पंचायतों में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को दुरूस्त किया जाए ताकि ग्रामीण लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके। साथ ही साथ विद्युत विभाग को पानी सप्लाई केन्द्रों में नियमित रूप से विद्युत सप्लाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने 01 नवंबर को म.प्र. स्थापना दिवस कार्यक्रम में अपने विभाग की शासकीय योजनाओं की बैनर, पोस्टर के साथ प्रदर्शनी एवं अधिकारी कर्मचारी के द्वारा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने हेतु दो दिवस के अन्दर सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ कलेक्टर ने 2030 में जिले की स्थिति विभागवार तैयार करने हेतु अपने प्रस्ताव तैयार करने को कहा कि 2030-2047 तक विभाग की क्या स्थिति होगी उसके प्लान के साथ प्रस्ताव तैयार करने को कहा। जो भारत सरकार की योजना धरती आबा, आदि कर्मयोगी, प्रधानमंत्री जनमन योजना में शामिल किए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि आपके विभाग से संबंधित लंबित न्यायालयीन प्रकरण (याचिकाओं) को ध्यानपूर्वक समय सीमा, निर्धारित दिनांक के पूर्व न्यायालय में अपने अपने जवाब प्रस्तुत करें। इस महत्वपूर्ण कार्य में जिस अधिकारी के द्वारा लापरवाही की जाएगी उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने जिले में आयोजित दिव्यांग शिविरों को सफलतापूर्वक संचालन हेतु संबंधित विभाग स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय अधिकारी एवं संबंधित एसडीएम कैंप में जरूर शामिल हों। जिससे स्वास्थ्य संबंधी शासन की योजना का हर व्यक्ति को लाभ एवं उनकी समस्या का मौके पर निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को कहा कि छात्रवृत्ति वितरण समय सीमा के अन्दर निराकरण करते हुए निराकरण किया जाए तकि छात्र-छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति प्राप्त हो सके। सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिलना विभागों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कलेक्टर ने इसी प्रकार से बैठक में सभी समय सीमा प्रकरणों और विभागीय कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए।



## एडीआईपी एवं वयोश्री योजना अंतर्गत सहायक उपकरण वितरण हेतु लाभार्थियों का चिह्नांकन

डिंडौरी।

कलेक्टर के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आज सोमवार को जनपद पंचायत करंजिया एवं बजाग में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए परीक्षण एवं चिह्नांकन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारत सरकार की एडीआईपी एवं वयोश्री योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया।शिविर में विभिन्न ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक पहुंचे। कुल 173 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 72 पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें व्हीलचेयर, ट्रायसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र, स्टिक, कृत्रिम अंग तथा चलने-फिरने में सहायक अन्य उपकरण प्रदान किए जाने हेतु चिह्नांकित किया गया।विशेषज्ञ मेडिकल टीम द्वारा लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक सहायक उपकरणों के लिए अनुशंसा की गई। कलेक्टर सुश्री अंजू पवन भदोरिया के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

शिविर में विभागीय अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक संस्थाओं का सराहनीय सहयोग रहा। लाभार्थियों एवं उनके परिजनों ने इस पहल को एक प्रेरणादायक और जनहितकारी कदम बताया 28 अक्टूबर को जनपद पंचायत समनापुर-अमरपुर, 29 अक्टूबर को जनपद पंचायत डिंडौरी व नगर परिषद डिंडौरी, 30 अक्टूबर को जनपद पंचायत शहपुरा व नगर परिषद शहपुरा एवं 31 अक्टूबर को जनपद पंचायत मेंहदवानी में शिविर आयोजित किए जाएंगे। समस्त जिलवासियों से अपील की जाती है कि स्वास्थ्य एवं दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाने हेतु आपके संबंधित विकासखंड की निर्धारित दिनांक को आयोजन स्थल पर पहुंचकर लाभ प्राप्त करें।

## महिला कांग्रेस की संगठन सृजन बैठक संपन्न प्रभारी यादव ने ली वन-टू-वन रायशुमारी

डिंडौरी।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत जिला डिण्डौरी में महिला कांग्रेस की बैठक उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण और महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर सूत की माला एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव श्रीमती संतोषी रामजी साहू के नेतृत्व में जिला महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। नगर अध्यक्ष गुलबसिया बाई ने महिला कांग्रेस प्रभारी विनीता यादव का स्वागत शाल एवं सूत की माला पहनाकर किया।



**महिला कांग्रेस समाज की सशक्त आवाज बनेगीः विनीता यादव**

बैठक में प्रभारी विनीता यादव ने जिले की महिला कांग्रेस इकाई के जिलाध्यक्ष पद हेतु उपस्थित कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन चर्चा कर रायशुमारी ली।उन्होंने कहा, महिला कांग्रेस आज समाज की सशक्त आवाज बन चुकी है। जिले की हर महिला को संगठन से जोड़ना और उन्हें नेतृत्व के अवसर देना ही हमारा उद्देश्य है। विनीता यादव ने डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, पूर्व विधायक भूपेंद्र सिंह मरावी, तथा ब्लॉक अध्यक्ष आयोध्या सिंह बिसेन, संजय राय, दुर्गा साहू, रमाकांत साहू, लोकेश पाटेरिया, जावेद इकबाल और शिवकुमार धुर्वे से दूरभाष पर चर्चा कर संगठनात्मक विषयों पर परामर्श भी लिया।इस अवसर पर प्रदेश महासचिव संतोषी रामजी साहू ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य हर जिले में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।उन्होंने कहा, कांग्रेस महिला मोर्चा का लक्ष्य है कि समाज में नेतृत्व क्षमता रखने वाली हर महिला को संगठन में सम्मानजनक स्थान मिले। डिंडौरी जिले में जोश और समर्पण देखकर प्रसन्नता हुई।बैठक में सुमन आयाम, गुलबसिया बाई, ऊषा रैकवार, लक्ष्मी ठाकुर, कौशल्या कुसराम, प्रतिमा सांड्या, किरण, कलिंदिया सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बहनों की उपस्थिति रही। बैठक के समापन पर महिला कांग्रेस की आगामी कार्ययोजना, सदस्यता विस्तार एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

## मिशन वात्सल्य योजना से दिव्यांग बच्चों को मिलेगा हर माह 4000 रुपये का लाभ




डिंडौरी।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिले के दिव्यांग बच्चों को स्पॉन्सरशिप (प्रायोजन) योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और पोषण को सुलभ बनाना है। योजना के तहत चयनित पात्र हितग्राहियों को 4000 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना की पात्रता सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से पेंशन प्राप्त करने वाले बच्चे विभाग के अंतर्गत पंजीकृत दिव्यांग बच्चों के पालक, महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन वात्सल्य कार्यक्रम के अंतर्गत इस सहायता के पात्र होंगे। लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में दिव्यांग प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र/बीपीएल कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अध्ययनरत कक्षा की मार्कशीट और पासपोर्ट साइज फोटो शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं ताकि दिव्यांग बच्चों के शिक्षा एवं पोषण में किसी प्रकार की बाधा न आए। सामाजिक न्याय विभाग ने जिले के समस्त दिव्यांगजनों से अपील की है कि आप आवेदन कर सामाजिक न्याय विभाग जिला पंचायत कार्यालय में ऑनलाइन, ऑफलाइन आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। जिससे इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



## राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अंतर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम

डिंडौरी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुसार 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के अशिक्षित वयस्कों को साक्षर करने हेतु प्रदेश में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2027 तक सम्पूर्ण साक्षरता प्राप्त करना है।उक्त योजना अप्रैल 2022 से मार्च 2027 तक संचालित की जा रही है। जिला डिंडौरी ने इस अभियान में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले में सर्वाधिक अशिक्षित वयस्कों को साक्षर किया गया है।कलेक्टर सह जिला मिशन संचालक के मार्गदर्शन में जिले में 20 सितंबर 2025 तक साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें जिले के लक्ष्य 24,098 में से 23,180 अशिक्षित परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए। प्रदेश में आयोजित मूल्यांकन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर डिंडौरी जिले को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कलेक्टर सह जिला मिशन संचालक को इस उपलब्धि पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।राज्य स्तर पर डिंडौरी जिले की इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी अनुकरणीय प्रदर्शन के रूप में चयनित किया गया है।

## नदी, तालाब, पोखरों में पहुंचकर महिलाओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

छठ महापर्व के अवसर पर जिले भर मे सोमवार की शाम श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार व समाज के सुख समृद्धि की कामना की। चारों तरफ हर नदी, तालाब, पोखरें के आस पास छठ मैया के गीतों से गूंज उठा और सूर्य आराधना मे सबने सहभागिता जताई। जिले भर मे प्रशासन ने स्वच्छता और सौंदर्यीकरण की व्यवस्था की थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुये सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये थे। शाम को सूर्यास्त के समय अर्घ्य देने के बाद सभी श्रद्धालु प्रसाद वितरण एवं छठी मैया की पूजा अर्चना मे तत्पर दिखे। अनूपपुर मे मड़फा तालाब व तिपान नदी पर छठ मैया उत्सव समिति के द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी व आये हुये श्रद्धालुओं का स्वागत अभिवादन किया गया। हिंदू धर्म में छठ पूजा का विशेष महत्व होता है। यह चार दिनों तक चलता है, जिसमें तीसरे दिन का विशेष महत्व होता है। सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य उपासना और छठी मईया की पूजा की गई। शाम चार बजे से व्रती अपने परिवार के साथ सिर पर पूजा की सामग्री रखकर बाजे गाजे के साथ घाट पर एकत्रित होकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने पहुंची। छठ पूजा के दौरान सुहागिन महिलाएं नाक से लेकर मांग तक लंबा सिंदूर भरी हुई थी। इसे पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन की खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान महिलाएं लाल की बजाय नारंगी रंग का सिंदूर लगाई हुई थी। इसका कारण यह है कि नारंगी रंग सूर्य का प्रतीक है और छठ पर्व सूर्य की उपासना का पर्व है। इसलिए नारंगी सिंदूर लगाने से सूर्य की विशेष कृपा प्राप्त होती है। साथ ही यह माना जाता है कि सुहागिन महिला का जितना लंबा सिंदूर होगा, उसका दांपत्य जीवन उतना ही लंबा और सुखी होगा। सूर्यास्त के समय सूर्य देव और छठी मैइया की पूजा-आराधना का खास महत्व का दिन था। छठ पूजा के दौरान व्रती पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को जल चढ़ाते हुए सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही सूप में पूजन सामग्री को रखकर छठी मईया की पूजा की फिर कथा और आरती की गई। छठ पर्व चार दिनों तक चलता है जिसमें तीसरे दिन का खास महत्व होता है। व्रती निर्जला व्रत रखते हैं। इस दिन प्रसाद में ठेकुआ अर्पित किया गया। मंगलवार को चौथे दिन यानी सप्तमी तिथि पर सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण होता है।



खबर संक्षेप

## अखिल भारतीय कलचुरी महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह 31 को

**तेंदूखेड़ा।** आगामी 31अक्टूबर को कलचुरी समाज के इष्ट देव भगवान श्री सहस्त्र बाहू जी के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य मेंसुभाषचंद बोस स्टेडियम सभागार श्रीधाम में श्रीमती अर्चना जायसवाल राष्ट्रीय संयोजक कलचुरी एकता महासंघ एवं श्रीमती मालती राय महापौर नगर निगम भोपाल के मुख्यातिथ्य श्रीमती सुमनलता पटैल डायरेक्टर मणि नागेंद्रसिंह फाउंडेशन स्कूल गोटेगाँव की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतों की विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत स्वजातीय महिलाओं को आमंत्रित किया गया है।कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती मनीषा राय प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय कलचुरी समाज के द्वारा किया गया है।उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम के संरक्षक पंकज चौकसे जिलाध्यक्ष कलचुरी कलार समाज एवं किशोर राय जिला संयोजक ने दी है.।

## निर्माणाधीन पुलिया से नीचे गिरी पिकअप



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी अंतर्गत एक पिकअप वाहन निर्माणाधीन पुलिया से नीचे गिर गया। उक्त घटना मुराछ एवं धमना गांव को जोड़ने वाली पुलिया पर हुई। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और वाहन को क्रेन की सहायता से बाहर निकाल लिया गया। मुराछ और धमना गांवों को जोड़ने वाली यह पुलिया लंबे समय से निर्माणाधीन है। स्थानीय निवासियों ने कई बार कलेक्टर से इसके शीघ्र निर्माण की मांग की है, लेकिन कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। सोमवार को इसी अधूरी पुलिया से गुजरते समय पिकअप वाहन असंतुलित होकर नीचे गिर गया।

## पूर्व आचार्य अरुण दुबे को दी गई श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व आचार्य पंडित अरुण दुबे का निधन हृदय गति रुक जाने का कारण हो गया। विद्यालय मे संस्कृत विषय का अध्यापन कराने वाले सेवानिवृत आचार्य श्री दुबे मिलनसार, प्रसन्नचित, बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। आपके निधन का समाचार प्राप्त होते ही विद्यालय परिवार शोक संतप्त हो गया। विद्यालय परिवार ने मौन श्रद्धांजलि देते हुये परमपिता परमेश्वर से उन्हे श्री चरणों में स्थान देने तथा परिवार में आई इस विपत्ति का सामना करने की शक्ति उन्हे ईश्वर प्रदान करें ऐसी कामना की।

## संजय पचौरी जमप के प्रदेश सचिव नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नवीन कार्यकारिणी का गठन पं. सुरेश शर्मा संगठन समन्वयक मध्य प्रदेश तथा अध्यक्ष नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट एवं प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्र बाजपेयी के द्वारा नरसिंहपुर के वरिष्ठ पत्रकार दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र के जिला ब्यूरो संजय पचौरी को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि श्री पचौरी पूर्व मे भी कई संगठनों में अनेकों पदों पर कार्य कर चुके है। उनकी नियुक्ति होने पर शुभचिंतकों व इष्ट मित्रों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

खबर का असर

# खबर के बाद जागा नपा प्रशासन, की कार्रवाई

## नपा ने हटाए चौराहों में लगे अवैध फ्लेक्स



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस नगर मे लगे अवैध पोस्टरों को लेकर दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा गंभीरता के साथ समाचार प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए चौराहे पर अवैध बैनर पोस्टरों को हटाया गया। नगर पालिका द्वारा की गई कार्रवाई भी दस्तूरी कार्रवाई नजर आई।

### दस्तूरी कार्रवाई करता नजर आया प्रशासन

उक्त कार्रवाई में नगर पालिका द्वारा कुछ स्थानों के पोस्टर, बैनर हटाए गए और शेष स्थानों को के पोस्टर यथावत लगे हुए है। नगर पालिका द्वारा संबंधितों से राजस्व वसूली की कार्रवाई शेष है। जबकि आउटडोर विज्ञापन अधिनियम 2017 प्रभावी रूप से लागू होने के बाद भी अवैध बैनर पोस्टरों का लगाया जाना चिंता का विषय है।

### मामला इस प्रकार

नगर मे बिना प्रशासनिक स्वीकृति के अनेकों स्थानों पर बैनर व पोस्टर लगे हुए है तथा विद्युत सप्लाई के लिए लगाए गए खंबों पर अवैध फ्लैक्स तथा पोस्टरों को लगाया गया था जो कि आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम 2017 के तहत वर्जित है। नगर पालिका तथा जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है और प्रशासन मूकदशक बना हुआ है। जबकि प्रशासन अवैध बैनर, पोस्टर के प्रकाशक पर राजस्व वसूली कर सकता है लेकिन प्रशासन द्वारा ऐसा ना किया जाना चिंता का विषय है। जिसे लेकर समचार प्रकाशन के बाद नगर पालिका प्रशासन की नीद खुली और यदाकदा स्थानों पर कार्रवाई की गई।

### दस्तूरी रही नपा कार्रवाई

पूरे प्रदेश में मध्यप्रदेश आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम 2017 प्रभावशाली है वावजूद इसके नरसिंहपुर नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत नगर के प्रमुख चैराहों और सड़कों किनारे बिजली के खम्बों में अवैध रूप से विज्ञापन के बैनर पोस्टर काफी समय से लगातार लगाये जाते रहते हैं जिस पर नगर पालिका द्वारा उक्त पोस्टर तथा बैनरों को हटाया गया। लेकिन नगर पालिका द्वारा की गई। उक्त कार्रवाई भी दस्तूर कार्रवाई नजर आई। जबकि प्रशासन को चाहिए कि उक्त पोस्टरों के प्रकाशकों को पर प्रकरण पंजीबद्ध कर राजस्व वसूली करे जिससे सरकार के राजस्व की हानि ना हो। हालांकि खबर के प्रकाशन के बाद प्रशासन की नीद तो खुली लेकिन पूरी तरह नही खुल सकी लोगों की अपेक्षाएं है कि नगर पालिका प्रशासन ठोस कार्रवाई कर राजस्व वसूले जिससे पुनः इस प्रकार से पोस्टर बैनर ना लगें।






### नगर पालिका की ठोस कार्रवाई की दरकार

नगर में लगे अवैध बैनर पोस्टरों पर नगर पालिका द्वारा ध्यान पूर्वक निगरानी रखे तथा समय समय पर ठोस कार्रवाई की जावे जिससे प्रकाशकों व मुद्रक द्वारा पुनः अवैध पोस्टर बैनर ना लगाएं जा सके। नगर पालिका प्रकाशक के साथ - साथ मुद्रक पर भी कार्रवाई करे जिससे अवैध रूप से लगने वाले बैनर पोस्टरों पर काफी असर पड़ेगा। ज्ञात हो कि जिले मे आउटडोर विज्ञापन अधिनियम 2017 प्रभावी है उसके बाद भी प्रकाशकों तथा मुद्रकों द्वारा सरकार के नियमों को धता दिखाते हुए प्रशासन की नाक के नीचे अवैध रूप से बैनर पोस्ट लगाए जाते है। उक्त बैनर पोस्टरों के लगने से यातयात के साथ साथ अनेकों प्रकार की परेशानी भी उत्पन्न होती है जिसके कारण लोग आएदिन प्रशासन को कोसते रहते है। उक्त बैनर पोस्टरों के लगने से सरकार को राजस्व की हानि के साथ - साथ होर्डिंग्स संचालकों का भी नुकसान होता है।

# जिले में निर्धारित दर पर ही उर्वरकों का विक्रय

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में किसानों के लिए लगातार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। रबी वर्ष 2025-26 में वर्तमान में जिले में 4915 मी. टन यूरिया, 2394 मी. टन डीएपी, काम्पलेक्स 5314 मी. टन और एसएसपी 7643 मी. टन का भंडारण किया गया है। अद्यतन स्थिति में यूरिया 3714 मी.टन, डीएपी 1046 मी. टन, एनपीके 1770 मी.टन और एसएसपी 6794 मी.टन उपलब्ध्ध है। जिले में लगातार उर्वरकों की रैक प्राप्त हो रही है। उप संचालक कृषि ने बताया कि इफको डीएपी प्लस एनपीके 3084 मी.टन 28 अक्टूबर 2025 को नरसिंहपुर रैक प्वाइंट पर लगने वाली है, जिसका शासन द्वारा निर्धारित अनुपात भण्डारित किया जायेगा। जिले के डबल लॉक केन्द्र (मार्कफेड) में 1097, पैक्स (समितियां) में 1100, एमपी एग्रो में 116 और निजी विक्रेता में 771 मी. टन डीएपी प्लस एनपीके का भंडारण प्रस्तावित है। डबल लॉक केन्द्र (मार्कफेड) में 464 मी. टन यूरिया, 27 मी. टन डीएपी, 837 मी. टन एनपीके व 2259 मी. टन एसएसपी, पैक्स (समितियों) में 2012 मी. टन यूरिया, 597 मी. टन डीएपी व 259 मी. टन एनपीके, एमपी एग्रो में 10 मी. टन डीएपी और निजी विक्रेताओं में 1056 मी. टन यूरिया, 422 मी. टन डीएपी, 674 मी. टन एनपीके व 4505 मी. टन एसएसपी भंडारित है। जिले में डबल लॉक केन्द्र से सभी सहकारी समितियों को यूरिया की आपूर्ति की जा रही। जो किसान समिति के सदस्य है, उर्वरक वे अपनी- अपनी समितियों से उर्वरक क्रय करें तथा शेष किसान जिले के डबल लॉक केन्द्रों, विपणन सहकारी समिति एमपी एग्रो एवं निजी विक्रेताओं के यहां से उर्वरक क्रय कर सकते हैं। उन्होंने जिले के किसानों से कहा है कि वे मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुसंशित मात्रा अनुसार ही उर्वरको एवं डीएपी के विकल्घ्प उर्वरकों का उपयोग करें। उल्लेखनीय है कि जिला कृषि प्रधान है। जिले में रबी 2025-26 में गेहूं, चना, मसूर, मटर, गन्ना एवं सरसों आदि फसलें 3 लाख 21 हजार हेक्टेर में बोनी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। वर्तमान में किसानों द्वारा बुवाई का कार्य सतत जारी है।

## जिला स्तरीय सुगम्य चुनाव निगरानी कमेटी की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय सुगम्य चुनाव निगरानी कमेटी की बैठक 28 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से कलेक्टर चेम्बर में आयोजित की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर नरसिंहपुर ने संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के आदेश के माध्यम से जिला स्तरीय चुनाव निगरानी कमेटी का गठन किया गया है।

## स्कूली व यात्री बसों की जांच कर वसूला शुल्क, एक बस जब्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** परिवहन आयुक्त और कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया के नेतृत्व में जिले में स्कूली और यात्री बसों के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बतया कि सोमवार 27 अक्टूबर को 24 स्कूली एवं यात्री बसों की जांच की गई। जांच के दौरान मुख्य रूप से अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन द्वार, परमिट, फिटनेस एवं अन्य दस्तावेजों को चैक किया गया। जांच के दौरान दो बसों में आपातकालीन निर्गम द्वार के पास अवैध सीट पाए जाने पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया, जबकि एक बस बिना परमिट एवं ओवरलोड पाए जाने पर जब्त की गई। चेकिंग के दौरान बसों से 36 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया।

## एफएलएन मेले का आयोजन 30 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया कि जिले की प्रत्येक शासकीय प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेले का आयोजन तीन चरणों में किया जायेगा। प्रथम चरण एफएलएन मेले का आयोजन 30 अक्टूबर 2025 को किया जायेगा। प्रत्येक शाला में माता- अभिभावक समूह का गठन शाला स्तर पर किया जाकर निर्देशानुसार निर्धारित मासिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेला आयोजन की पालकों और समुदाय को पूर्व सूचना प्रदान करते हुए अनिवार्यतः आमंत्रित किया जाए। साथ ही बसाहट की ऑगनबाड़ी को सूचना दें कि वह भी बच्चों के साथ उक्त मेले में सहभागिता करें। मेला दिवस के पूर्व डाइट स्तर पर जिले के समस्त जनशिक्षकों को एक दिवसीय उनमुखीकरण 25 से 29 अक्टूबर के मध्य आयोजित किया जाएगा। जिसमें पूर्व सत्रों की भांति प्रथम संस्था के वॉलिन्टयर उन्मुखीकरण में सहयोग हेतु उपस्थित रहेंगे। आयोजन के पूर्व मेलों का प्रचार-प्रसार प्रत्येक स्तर पर किया जाए। प्रचार-प्रसार हेतु पत्र के साथ संलग्न किए गए नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी कराया जाए।

## पुष्पेंद्र परसवाल ने जीता गोल्ड




**गोटेगांव।** सहयोग क्रीड़ा मण्डल गोटेगॉव के धावक पुष्पेंद्र परसवाल ने भोपाल में आयोजित 17 वर्ष एथेलेटिक्स मध्यप्रदेश राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 3000 मीटर दौड़ में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल जीता।पुष्पेंद्र ने 1500 मीटर दौड़ में द्वतीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया है।सहयोग क्रीड़ा मंडल स्टेडियम ग्राउंड में लगातार छात्र छात्राएं और खिलाड़ी प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है और अपने क्षेत्र जिला का नाम रोशन कर रहे है।सहयोग क्रीड़ा मंडल के संरक्षक श्री जालम सिंह जी पटेल पूर्व मंत्री द्वारा समस्त खेल खिलाड़ियो को सुविधाएं दी जा रही है और उनकी मदद की जा रही है जिससे खिलाड़ियो की आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे है। पुष्पेंद्र अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए है और राष्ट्रीय स्तर की दौड़ प्रतियोगिता ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगेउनकी उपलब्धि पर श्री जालम सिंह जी पटेल पूर्व मंत्री,सत्यनारायण मिश्रा,देवदत्त पचौरी,पंकज चौकसे, उमाशंकर छिरा,समस्त कोच और खिलाड़ियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## 24 किन्नरों के सामूहिक फिनाइल पीने के मामले में फरार मुख्य आरोपी राजा हाशमी गिरफ्तार



**गोटेगांव।** इंदौर में 24 किन्नरों के सामूहिक फिनाइल पीने के मामले में फरार मुख्य आरोपी राजा हाशमी को पुलिस ने नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव के बगासपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया है आरोपी जबलपुर के अम्बेडकर नगर का रहने वाला है और घटना के बाद से फरार था. इंदौर की पंढरीनाथ थाना पुलिस ने उसे दबिश देकर पकड़ा और हिरासत में लेने के बाद इंदौर रवाना हो गई.

### 24 किन्नरों को प्रताड़ित करने से जुड़ा था मामला

15 अक्टूबर की रात इंदौर में घटी इस सनसनीखेज घटना में 24 किन्नरों ने मिलकर फिनाइल पी लिया था. इनमें से कई की हालत गंभीर हो गई थी. पीड़ितों ने पुलिस को बताया था कि राजा हाशमी, सपना हाजी, अक्षय कुमायु और पंकज जैन ने उन्हें बार-बार प्रताड़ित और अपमानित किया था, जिससे परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया।इस मामले में महामंडलेश्वर सोना मंगला गौरी नंदगिरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, ‌‌स पर इंदौर के पंढरीनाथ थाने में अपराध क्रमांक 97/25 के तहत धारा 119(1), 3/5, 308(4), 351(2) बीएनएस में केस दर्ज किया गया था.

### बगासपुर के टेलर के घर से दबोचा गया आरोपी

पुलिस को सूचना मिली थी कि फरार आरोपी राजा हाशमी, गोटेगांव के बगासपुर गांव में शानू टेलर के घर में छिपा हुआ है. इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पंढरीनाथ थाना पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तारी अभियान में एसआई रामकुमार रघुवंशी, एएसआई विकास, आरक्षक राजाराम तथा गोटेगांव थाने के आरक्षक पंकज द्विवेदी, परसराम असैया, मयंक लिटोरिया और ऋषभ कुर्मी शामिल थे.

### अब इंदौर में होगी आगे की पूछताछ

गिरफ्तार करने के बाद पुलिस टीम आरोपी को इंदौर लेकर रवाना हो गई है। जहां उससे पूछताछ कर अन्य आरोपियों और घटनाक्रम से जुड़े पहलुओं की जानकारी ली जाएगी।

# नर्मदा घाटों पर उचित व्यवस्था बनाने की जरूरत

## कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की रहेगी भीड़







**तेंदूखेड़ा।** कार्तिक मास में दान पुण्य स्नान का विशेष महत्व हुआ करता है। श्रद्धालु महिलाएं पूरे मास भर प्रतिदिन स्नान कर पूजन अर्चन किया करतीं हैं। पूर्णिमा पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के घाटों पर पहुंच कर स्नान कर पूजन अर्चन किया करतीं हैं। लेकिन इस वर्ष हुई तेज बारिश के कारण बाढ़ का पानी अधिक होने के कारण घाटों पर मिट्टी का कटाव हो जाने से आवागमन में परेशानी हो रही है। चूंकि नर्मदा के प्रत्येक घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए समुचित व्यवस्थायें बनाये जाने की महती आवश्यकता है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह छत्तरपुर सिमरिया घाटों पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है।हर साल इन व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान तो आकृष्ट कराया जाता है लेकिन स्थानीय ग्राम पंचायतों को जवाबदारी सौंपकर अधिकारी अपनी जबाब दारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। और श्रद्धालु अव्यवस्थाओं के बीच परेशान होते हुए देखे सुने जाते हैं।

### ककरा घाट पर पड़ता है भारी दबाव

तेंदूखेड़ा से गाडरवारा जाने वाले सड़क मार्ग पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट जहां गाडरवारा तेंदूखेड़ा और रायसेन सागर जिले के श्रद्धालु बड़ी संख्या में अनुकूलता के हिसाब से पहुंचा करते हैं लेकिन ना तो इस घाट तक पहुंचने सुगम रास्ता है और ना ही प्रकाश की कोई उचित व्यवस्था है। यहां तक कि महिला पुरुषों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। घाटों पर बड़ी बड़ी दुकानें लग जाने से श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा हुआ करती है। यहां तक कि बाहनों का भारी दबाव होने की स्थिति में मुख्य सड़क मार्ग से लेकर नीचे तक जाम लगने की समस्या बनती है घंटों मशक्कत के बाद सड़क मार्ग सुचारू हो पाते हैं।

### भारी बाहनों की आवाजाही पर रोक लगे

सबसे बड़ी समस्या इस सड़क मार्ग पर एन टी पी सी प्लांट से आ रही राख को लेकर भारी संख्या में कंटेनरों की आवाजाही इस मार्ग पर अबाध गति से चला करते हैं।आये दिन सड़क दुर्घटना में अनेकों लोग काल के गाल में समा भी चुके हैं। कुछ दिनों तक रफ्तार में लगाम लगने के बाद अब पुनः वही स्थिति बनीं हुई है लेकिन कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दो दिन पूर्व से ही श्रद्धालु पैदल आवागमन करते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से दो दिन तक इन कंटेनरों की आवाजाही पर रोक लगाये जाने की जरूरत है।

### शुरू होती है पंचकोशी परिक्रमा एवं श्रद्वालु निकलते हैं नर्मदा परिक्रमा पर

कलयुग में मोक्षदायिनी मां नर्मदा का पावन तट और भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रह्माण्ड घाट में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचा करतें हैं। यहीं से पंचकोशी परिक्रमा और नर्मदा परिक्रमा का श्री गणेश हुआ करता है। लेकिन विसंगति पूर्ण स्तिथि यहां पर यह देखने को मिलती है कि घाटों पर पर्याप्त सुविधाएं ना होने तथा पंचकोशी मार्ग पर अव्यस्थायें हावी है। श्रद्धालु कष्टमय यात्रा करने मजबूर हो जाते हैं।दो दिन पूर्व से दो दिन बाद तक श्रद्धालु नर्मदा तटों पर रहकर स्नान पूजन भंडारा किया करते हैं। यहां रहकर भोजन प्रसाद भर्त बाटी बनाया करतें हैं लेकिन घाटों पर गंदगी का आलन और उचित व्यवस्था ना होने के कारण उनका आस्था पर आघात पहुंचता है।